आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 11.01.2026
समय : 0705

<><><><><><><>

- सोमनाथ मंदिर की रक्षा में बलिदान देने वालों के सम्मान में आज आयोजित होने वाली शौर्य यात्रा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाग लेंगे।
- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा –बेहतर कानून व्यवस्था से ही राज्यों का विकास संभव है।
- विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और सुधार करने के लिए मतदाताओं को है बाईस जनवरी तक अवसर ।
- बांग्लादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा की मांग को लेकर डिगलीपुर में विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में विशाल विरोध प्रदर्शन हुआ।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के तीन दिन के दौरे में आज ऐतिहासिक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में भाग लेंगे। वर्ष एक हजार छब्बीस में सोमनाथ मंदिर पर पहले हमले के एक हजार वर्ष और आजादी के बाद उन्नीस सौ इक्यावन में इसके पुननिर्माण के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर इसका आयोजन किया गया है। श्री मोदी आज मंदिर की रक्षा में प्राणों की आहुति देने वालों के सम्मान में आयोजित शौर्य यात्रा में भाग लेंगे। वे सोमनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। इसके बाद सोमनाथ में जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। इसके बाद श्री मोदी राजकोट में जीवंत गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। कल शाम सोमनाथ पहुंचने पर प्रधानमंत्री ने ओंकार मंत्र पाठ में भाग लिया और मंदिर परिसर में आयोजित ड्रोन–शो देखा। इस ऐतिहासिक समारोहों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि किसी भी राज्य के विकास में कानून व्यवस्था की अहम् भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था वाले राज्य निवेशकों को अधिक आकर्षित करते हैं। जयपुर में एक समारोह में श्री शाह ने कहा कि कई चुनौतियों के बावजूद राजस्थान सरकार ने कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया है। इससे राज्य अब निवेशकों के लिए पसंदीदा गंतव्य बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का भविष्य उज्ज्वल है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के दौरे पर आए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्य सभा सांसद अरुण सिंह ने कल मिडिल प्वाइंट स्थित भाजपा कार्यालय का दौरा किया। वे पिछले दो दिनों से स्वराज द्वीप में आयोजित संसदीय समिति के बैठक के सिलसिले में आए हुए है। उन्होंने एक प्रेस कॉफ्रेन्स में विकसित भारत जी राम जी योजना के बारे में विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे दुष्प्रचार पर कहा कि इस योजना के अंतर्गत मनरेगा के कार्यदिवसों को सौ से बढ़ाकर एक सौ पच्चीस दिन कर दिया गया है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष ने हमेशा शासन की योजनाओं में किसी न किसी प्रकार से बाधा पहुंचाने का प्रयास किया है और अब विकसित भारत जी राम जी अधिनियम में भी वो ऐसा ही कर रहे हैं। बिना तथ्यों की जाँच–पड़ताल किए लोगों में भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं जबकि इस योजना का ग्रामीण क्षेत्रों में स्वागत किया जा रहा है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी है कि विशेष गहन पुनरीक्षण–एस आई आर कार्यक्रम के तहत अंडमान एवं निकोबार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की मसौदा निर्वाचक नामावली–दो हजार छब्बीस का प्रकाशन तेईस दिसंबर को किया गया। इस प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावे और आपत्तियाँ दर्ज करने की अवधि बाईस जनवरी तक निर्धारित की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वे सभी पात्र नागरिक, जिनकी आयु अट्ठारह वर्ष या उससे अधिक है और जिनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वे फॉर्म–छः भरकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह फॉर्म संबंधित बी एल ओ के माध्यम से या ऑनलाइन भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल voters.eci.gov.in पर जमा किया जा सकता है। मतदाता सूची में किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु फॉर्म–आठ तथा आपत्ति दर्ज करने के लिए फॉर्म–सात का प्रावधान किया गया है। आवश्यक सभी फॉर्म बी एल ओ के पास उपलब्ध हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए आज भी सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बी एल ओ उपस्थित रहकर नाम सत्यापन, नाम जोड़ने, संशोधन एवं आपत्ति से संबंधित कार्यों में सहायता प्रदान करेंगे। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए मतदाता अपने संबंधित बी एल ओ से संपर्क कर सकते हैं या वोटर हेल्पलाइन नंबर एक नौ पांच शून्य पर कॉल कर सकते हैं।

<><><><><><><>

विकसित भारत–गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, दो हजार पच्चीस को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह कानून मनरेगा में व्यापक वैधानिक बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है, जो ग्रामीण रोजगार को विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के दीर्घकालिक विजन के साथ संयोजित करता है तथा जवाबदेही, बुनियादी ढांचे के परिणामों और आय सुरक्षा को सुदृढ़ करता है। हाल ही में पारित हुए इस ऐतिहासिक अधिनियम पर द्वीपसमूह के दक्षिण अंडमान जिले की ग्राम पंचायत की प्रधान तापशी शाह ने आकाशवाणी के साथ अपने विचार रखे।

**<><><><><><><>**

विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में कल डिगलीपुर में बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे क्रूर अत्याचारों के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में मध्योत्तर अंडमान जिले में स्थित डिगलीपुर में करीब ढाई हजार लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं को चुन–चुनकर निशाना बनाया जा रहा है, जो बहुत ही दुखद है और ये सब वहाँ की नाकाम सरकार के चलते हो रहा है जो कानून व्यवस्था को संभालने में अक्षम है और इसी वजह से बांग्लादेश में जंगलराज कायम हो गया है। इस अवसर पर भाजपा नेता के साथ विश्व हिन्दू परिषद के संगठन महामंत्री अविनाश गौड़, विहिप जिला अध्यक्ष तपन दत्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश हलधर, प्रमुख भाजपा दीपांकर मिस्त्री एवं बाबुल बिस्वास के सहयोग से रैली का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

**<><><><><><><>**